तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **राहुल बिस्सा बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या 139/2024	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
11—11—24	अपीलार्थी राहुल बिस्सा निवासी 01, जालोरी गेट के अंदर जालप मौहल्ला, बिस्सा की पोल, वार्ड नंबर— 27, जोधपुर—उत्तर, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 08/08/24 में नकली ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट एवं अन्य बिन्दुओं से संबधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार जोधपुर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर—ग्रामीण	

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2024.11.[illegible]8:24:06 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 11721681